# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006


---

**NEWS CLIPPING: 04.07.2017**

**DAINIK JAGRAN**

## वाईएमसीए विवि ने किया संबद्धता शाखा का गठन

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** प्रदेश सरकार से फरीदाबाद व पलवल के इंजीनियरिंग और बीएड कॉलेजों को संबद्धता की शक्तियां (एफिलेशन पावर) मिलने के बाद वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इस दिशा में तेज गति से काम शुरू कर दिया है। विवि ने संबद्धता शाखा का गठन किया है। जिला पलवल एवं फरीदाबाद के सभी संबद्ध इंजीनियरिंग तथा बीएड को अपने कालेजों से संबंधित मूल विवरण तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करवाने के निर्देश जारी किए हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने वाईएमसीए विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से जिला पलवल तथा फरीदाबाद में स्थित सभी (सरकारी तथा गैर सरकारी) बीएड और इंजीनियरिंग कालेजों पर अपनी शक्तियों के प्रयोग के लिए अधिकृत किया है। विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रक्रिया को गति प्रदान करने के लिए प्रो. संदीप ग्रोवर को संकायाध्यक्ष (संस्थान) के रूप में नामित किया है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता से संबंधित मामलों तथा नये शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर चर्चा के लिए जल्द ही सभी संबद्ध बीएड तथा इंजीनियरिंग कालेजों के प्राचार्यों तथा निदेशकों की एक बैठक बुलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि संबद्ध कालेजों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लिंक http//ymcaust.ac.in/affiliation उपलब्ध करवाया गया है, जिसके अंतर्गत कालेज संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**पहल**

- पलवल एवं फरीदाबाद के बीएड तथा इंजीनियरिंग होंगे संबद्ध
- महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करवाने के निर्देश जारी किए गए

## वाईएमसीए ने जर्नलिज्म कोर्स में आवेदन की तिथि बढ़ाई

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 जुलाई से बढ़कर 21 जुलाई कर दी है। विद्यार्थी ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन आवेदन में कला संकाय के विद्यार्थियों को आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया है। एमसीए, एमबीए तथा मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में एमएससी पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन दाखिले की अंतिम तिथि 4 जुलाई तथा एमटेक व एमसीए (लेटरल एंट्री) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सुविधा एवं तकनीकी सहयोग के लिए विश्वविद्यालय द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विश्वविद्यालय में शुरू किया गया पहला कला विषय का पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम को पिछले साल 30 सीटों के साथ शुरू किया गया था। पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पात्रता न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक है।

**NEWS CLIPPING: 04.07.2017**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए ने कॉलेजों से मांगी जानकारी

फरीदाबाद। वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों की देखरेख के लिए संबद्धता शाखा का गठन कर लिया है। अब पलवल एवं फरीदाबाद के सभी इंजीनियरिंग एवं बीएड कॉलेज को संबंधित मूल विवरण तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा कराने के निर्देश दिए है, ताकि उनकी संबद्धता प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकें। राज्य सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से वाईएमसीए विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से पलवल एवं फरीदाबाद के बीएड और इंजीनियरिंग कालेजों के लिए अधिकृत किया है। विश्वविद्यालय ने संबद्धता के मामलों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए संकायाध्यक्ष संदीप ग्रोवर को नामित किया है। कॉलेजों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध कराया है। ब्यूरो

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय : पत्रकारिता के लिए 21 जुलाई तक लिए जाएंगे आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

## ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी आवेदन होंगे स्वीकार

वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले की अंतिम तिथि 21 जुलाई कर दी है। पहले अंतिम तिथि 4 जुलाई रखी गई थी, जिसे बढ़ाया गया है। विद्यार्थी ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। हालांकि अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के सहयोग के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पडेस्क बनाया है। एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम को गत वर्ष 30 सीटों के साथ शुरू किया था। दाखिले के लिए पात्रता न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक होना जरूरी है। ऑफलाइन आवेदन की सुविधा सिर्फ इसी पाठ्यक्रम के लिए रहेगी। आवेदन की फीस एक हजार रुपये, एससी एवं एसटी विद्यार्थियों के लिए 500 रुपये डिमांड ड्राफ्ट कुलसचिव के पक्ष में देय होगा।

**NEWS CLIPPING: 04.07.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए ने पलवल व फरीदाबाद के कॉलेजों से मांगी जानकारी

फरीदाबाद, 3 जुलाई (पंकेस): वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने संबद्ध कालेजों की देखरेख के लिए संबद्धता शाखा का गठन कर लिया है। अब पलवल एवं फरीदाबाद के सभी इंजीनियरिंग एवं बीएड कॉलेज को संबंधित मूल विवरण तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि उनकी संबद्धता प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकें।

राज्य सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से वाईएमसीए विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से पलवल एवं फरीदाबाद के बीएड और इंजीनियरिंग कालेजों के लिए अधिकृत किया है। विश्वविद्यालय ने संबद्धता के मामलों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए संकायाध्यक्ष संदीप ग्रोवर को नामित किया है। वहीं कॉलेजों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर जानकारी विश्वविद्यालय से संबद्धता मामलों व नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर चर्चा के लिए जल्द ही कॉलेज प्राचार्य एवं निदेशकों की बैठक बुलाई जाएगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 04 Ju
epaper.pun

# जर्नलिज्म कोर्स के लिए 21 तक करें आवेदन

फरीदाबाद, 3 जुलाई (पंकेस): वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले की अंतिम तिथि 21 जुलाई कर दी है। पहले अंतिम तिथि 4 जुलाई रखी गई थी, जिसे बढ़ाया गया है। विद्यार्थी ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। हालांकि अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के सहयोग के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्प डेस्क बनाया है। एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम को गत वर्ष 30 सीटों के साथ शुरू किया था। दाखिले के लिए पात्रता न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक होना जरूरी है। ऑफलाइन आवेदन की सुविधा सिर्फ इसी पाठयक्रम के लिए रहेगी। आवेदन की फीस एक हजार रुपए, एससी एवं एसटी विद्यार्थियों के लिए 500 रुपए डिमांड ड्राफ्ट कुलसचिव के पक्ष में देय होगा। 21 जुलाई शाम 4 बजे तक आवेदन किया जा सकता है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 04 July 2
epaper.punjabk

**NEWS CLIPPING: 04.07.2017**

**HINDUSTAN**

# पत्रकारिता के लिए 21 जुलाई तक आवेदन

**वाईएमसीए**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पत्रकारिता में स्नातकोत्तर के लिए छात्र अब 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए एमए (जर्नलिज्म व मास कम्यूनिकेशन) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई से बढ़कर 21 जुलाई कर दी है। संस्थान की ओर से छात्रों की सहूलियत के लिए ये फैसला लिया गया है। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में दाखिले की योग्यता 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक है। ऑफलाइन आवेदन के लिए आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ एक हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट लगाना होगा। एससी व एसटी छात्रों के लिए 5 सौ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट लगेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### शैक्षणिक सत्र

- ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई
- दाखिले की योग्यता 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक है

### इंजीनियरिंग और बीएड कॉलेजों से जानकारी मांगी

वाईएमसीए ने पलवल और फरीदाबाद के सभी संबद्ध इंजीनियरिंग और बीएड कॉलेजों से जानकारी मांगी है। कॉलेजों से संबंधित मूल विवरण और महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करवाने के निर्देश जारी किए हैं।

### प्रतिनिधियों की बैठक होगी

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से पलवल व फरीदाबाद के सभी बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए संस्थान को अधिकृत किया है। इसके लिए प्रो. संदीप ग्रोवर को संकायाध्यक्ष बनाया गया है। सत्र की तैयारियों पर चर्चा के लिए जल्द ही सभी कॉलेजों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाएगी। इसके अलावा जरूरी जानकारी के लिए वेबसाइट पर भी लिंक शुरू कर दिया गया है।

## ऑनलाइन दाखिले को आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई

इसके अलावा संस्थान में एमसीए, एमबीए, मैथ, फिजिक्स, कैमिस्ट्री और इन्वायरमेंटल साइंस विषयों में एमएससी पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन दाखिले को आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई है। जबकि एमटेक व एमसीए (लेटरल एंट्री) के लिए छात्र 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सुविधा एवं तकनीकी सहयोग के लिए विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क भी लगाया गया है।

---

**NEWS CLIPPING: 04.07.2017**

**THE PIONEER HINDI**

# एमए जर्नलिज्म–मास कम्युनिकेशन में आवेदन 21 तक

पायनियर

मिशन एडमिशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि ने शैक्षणिक सत्र 2017–18 के लिए एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 से बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी गई है। इसमें छात्र ऑनलाइन व ऑफलाइन आवदेन कर सकते हैं। यह निर्णय ऑनलाइन आवेदन में कला संकाय के छात्रों को आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन में 30 सीटें:** एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन विश्वविद्यालय में शुरू किया गया। यह कैंपस पहला कला विषय का पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम को पिछले साल 30 सीटों के साथ शुरू किया गया था। पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पात्रता न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में ग्रेजुएशन है।

ऑफलाइन आवेदन की सुविधा सिर्फ एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन)पाठ्यक्रम के लिए रहेगी। ऑफलाइन आवेदन के लिए आवेदन पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपए (एससी/एसटी के लिए 500 रुपए) के डिमांड ड्राफ्ट जो कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पक्ष में देय होगा।

## इन विषयों में आवेदन की अंतिम तिथि आज

एमसीए, एमबीए, मैथ, फिजिक्स, कैमिस्ट्री व एनवायरमेंटल साइंस विषयों में एमएससी पाठ्यक्रम के लिए आनलाइन दाखिले की अंतिम तिथि 4 जुलाई ही होगी। एमटेक व एमसीए (लेटरल एंट्री) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई रहेगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्रों की सुविधा एवं तकनीकी सहयोग के लिए विश्वविद्यालय द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

**NAVBHARAT TIMES**

खास खबरें

## डेट बढ़ाई

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन एमए कोर्स में दाखिले की डेट बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी है। इससे पहले लास्ट डेट 4 जुलाई थी। एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कोर्स में एडमिशन लेने के इच्छुक स्टूडेंट ऑन व ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं।